-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट व मुख्य अग्निशमन अधिकारी के साथ शहर क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण।**

विवरण- आज दिनांक 23.06.2026 को श्रीमान मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल श्री अजीत कुमार द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट श्री संदीप केला व मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री मतलूब हुसैन के साथ शहर क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं, आपातकालीन निकास मार्गों, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता, भवन सुरक्षा मानकों तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों का गहन परीक्षण किया गया। मंडलायुक्त महोदय ने संबंधित संस्थानों के संचालकों को निर्देशित किया कि वे अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। निरीक्षण के दौरान जिन संस्थानों में सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गईं उन्हें कड़ी हिदायत देते हुए नियमानुसार जुर्माना भी लगाया गया तथा निर्धारित समयावधि में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए तथा। साथ ही अधिकारियों को नियमित रूप से ऐसे संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा कोचिंग संस्थानों अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अग्नि सुरक्षा उपकरणों, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। संबंधित संस्थानों के संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने एवं किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त महोदय ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अग्नि एवं आपदा संबंधी घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी संस्थानों को निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा।